**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–27 ***फरवरी*** 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान के साथ पैंतालिस दिनों तक चला विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ हुआ सम्पन्न। सड़सठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में लगाई डुबकी।
- प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस और प्रशासन समेत सभी सहयोगियों के प्रति जताया आभार। कहा– राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है महाकुंभ।
- महाकुंभ में आये श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन आज भी पचास से अधिक विशेष रेलगाड़ियों का कर रहा है संचालन।
- प्रदेश भर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व। काशी में छह लाख सड़सठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन पूजन।
- लखनऊ मेट्रो के यात्रियों को तीन प्रमुख स्टेशनों पर मिलेगी लॉकर की सुविधा।

**********

प्रयागराज महाकुंभ कल महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सम्पन्न हो गया। पैंतालिस दिनों तक चले इस आध्यात्मिक महाकुंभ में सड़सठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, विदेशी प्रतिनिधि, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा कई केंद्रीय मंत्री सहित देश की प्रमुख हस्तियों ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट....

**महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकुंभ का अंतिम प्रमुख स्नान और भी खास रहा। पवित्र संगम में आस्था की डुबकी के बाद कई श्रद्धालुओं ने शहर के शिव मंदिरों में पूजा–अर्चना की। महाकुंभ मेला क्षेत्र में भारतीय वायुसेना ने एयर शो का प्रदर्शन किया जबकि प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जिससे यह एक यादगार अनुभव रहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। इस महाकुंभ ने अपनी 45 दिवसीय यात्रा के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक यादगार आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा दी, जिसे लंबे समय तक तक संजोकर रखा जाएगा। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षनाथ मंदिर में स्थापित कंट्रोल रूम से महाकुंभ के आखिरी स्नान के व्यवस्थाओं की भी मॉनीटरिंग की।

इस बीच, प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि महाकुंभ के समाप्ति के साथ ही जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगा। प्रशासन यह भी सुनिश्चित करेगा कि वहां की गयी अस्थायी व्यवस्था ठीक से और सुरक्षित रूप से हटा दी जाए।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन में सहयोग के लिए प्रशासन, पुलिस, स्वच्छताकर्मियों, इससे जुड़े सभी सरकारी, गैर सरकारी और स्वयंसेवी लोगों व संस्थाओं और प्रयागराज के लोगों को धन्यवाद दिया है। कल देर शाम एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये उन्होंने पूज्य अखाड़ों, साधु संतों, महामंडलेश्वरों, धर्माचार्यों, महाकुंभ के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश विदेश से आए श्रद्धालुगणों और कल्पवासियों के प्रति भी विशेष आभार जताया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुविधाजनक वापसी के लिए भारतीय रेलवे आज भी पचास से अधिक विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। इनका विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उपलब्ध है। रेलवे ने कल शाम छह बजे तक प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से दो सौ तैतालिस रेलगाडियां चलाईं। रेल मंत्रालय ने कहा कि करीब साढ़े ग्यारह लाख यात्रियों ने इन रेलगाडियों से यात्रा की। इसके बाद रेलवे ने प्रयागराज से कल साढ़े तीन सौ अतिरिक्त रेलगाड़ियों का भी संचालन किया। रेलमंत्री अष्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने सम्पूर्ण रेल परिचालन की निगरानी की। उधर, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज से कल से साढे चार हजार बसें भी चलाई जा रही हैं।

**********

प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने हमेशा लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। महाकुंभ के आखिरी दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया।

**इस विशेष चौनल कुंभवाणी ने 48 दिनों की एक छोटी सी यात्रा के दौरान बहुत लोगों को छुआ है। आकाशवाणी सभी से जुड़ा रहा है। आम आदमी से लेकर हमारे जो वहां महात्म–गण थे हमारे जो वहां अखाड़े आए हमारे यहां वहां जो संतजन आये हैं, उन सबसे आकाशवाणी जुड़ा रहा है।**

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेद्वी ने अपने संदेश में कहा कि आकाशवाणी ने कुंभवाणी की खबरें, साक्षात्कार और विशेष कार्यक्रम प्रदान कर एक लोक सेवा प्रसारक के रूप में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाई।

**महाकुंभ में आकाशवाणी ने कुंभवाणी के माध्यम से लोक प्रसारक की अपनी भूमिका बखूबी निभाई। इस अवसर पर मैं पुनः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने दस जनवरी को कुंभवाणी का उद्घाटन किया था और इस चौनल की सफलता के लिए प्रेरणा और आशीर्वाद दिया था।**

आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कुंभवाणी की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि कुंभवाणी कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में सफल रही है।

**आकाशवाणी की कुंभवाणी टीम को विशेष साधुवाद जिन्होंने पूरी निष्ठा और पूरी तनमयता से अपने घर से दूर रहते हुए कुंभवाणी के श्रोताओं को ही अपना परिवार माना और पूर्ण सफलता से कुंभवाणी के प्रसारण को एक नई ऊंचाई दी।**

**********

प्रदेशभर में कल महाशिवरात्रि का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। सभी शिव मंदिरों में भोर से ही भगवान शिव के जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी क़तारें लगी रहीं। काशी में इस बार महाशिवरात्रि पर छह लाख सड़सठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ में शिव उपासना की और लोक मंगल और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की।

इसी तरह अयोध्या, बाराबंकी ,कानपुर, मिर्जापुर, बलरामपुर, देवरिया, बस्ती समेत कई जिलों के शिव मंदिरों में दिनभर महादेव की आराधना के साथ ही भगवान शंकर की शोभायात्रा निकाली गई।

मिर्जापुर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर, बलरामपुर जिला मुख्यालय के झारखंडी मंदिर और श्रावस्ती में भारत–नेपाल सीमा के करीब सिरसिया में स्थित विभूतिनाथ मंदिर में लाखों भक्तों ने जलाभिषेक किया।

**********

अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बस्ती–अयोध्या हाईवे पर डायवर्जन चार मार्च की रात ग्यारह बजे के लिए बढ़ा दिया गया है। बस्ती जिले के प्रभारी एसपी ओपी सिंह ने बताया कि इस दौरान हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन नही होगा लेकिन छोटे वाहन चलते रहेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन–यूपीएमआरसी ने लखनऊ मेट्रो के तीन प्रमुख स्टेशनों चारबाग, आलमबाग बस स्टैंड और चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लॉकर रूम की सुविधा शुरू की है। इससे यात्रियों को अपना सामान सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से रखने का विकल्प मिल सकेगा। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि आठ घंटे के लिए छोटे लॉकर का शुल्क बीस रूपये और बड़े लॉकर के लिए पचास रूपये तय किया गया है। यह सेवा रोजाना सुबह छह बजे से रात साढ़े दस बजे तक उपलब्ध रहेगी।

**********

प्रदेश में कल दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं। प्रयागराज अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल सुबह तेज रफ्तार कार बेकाबू हो कर एक घर से टकरा गयी, जिसमें चार श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सभी श्रद्धालु झारखंड और बिहार के रहने वाले थे जो अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन के बाद प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। उधर, बदायूं जिले में अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे गंगाजल लेने जा रहे बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के चार युवक में से तीन की मौत हो गयी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में अगले दो दिनों में गरज चमक  के साथ बारिश की संभावना जताइ है। साथ ही दो मार्च तक देर रात और सुबह से समय पूर्वांचल के कई जिलों में हल्के कोहरे का अनुमान भी व्यक्त किया है।

**********